भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

विषयः पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से संबधित फरवरी, 2024 माह का मासिक सारांश।

I. जल जीवन मिशन (जेजेएम)

21.32 लाख परिवारों को कार्यशील पारिवारिक नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए, जिससे कुल संख्या 14.34 करोड़ हो गई। महीने के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 7,009 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

III. स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण - चरण - II

फरवरी 2024 के दौरान 4,55,687 व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल) और 1741 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों (सीएससी) का निर्माण किया गया है। फरवरी, 2024 के दौरान 9247 गांवों ने स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित किया है। फरवरी, 2024 के दौरान 14,839 गांवों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से कवर किए जाने की सूचना है और 10,065 गांवों को तरल अपशिष्ट प्रबंधन से कवर किए जाने की सूचना है। माह के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 291 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

III. राष्ट्रीय जेजेएम और एसबीएम-जी सम्मेलन

जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 16-17 फरवरी, 2024 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में किया गया था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण जल आपूर्ति और स्वच्छता योजनाओं की दीर्घकालिक स्थिरता, संचालन और रखरखाव और उनके प्रमुख मुद्दों का समाधान करना था, जिससे देश भर के ग्रामीण क्षेत्रों में वाश क्षेत्र की सेवाओं के आपसी सीखने और स्थायी सेवा वितरण के लिए सर्वोत्तम परिपाटियों के आदान-प्रदान की सुविधा मिल सके।

IV. माननीय मंत्री (जल शक्ति) और माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान ने राजस्थान राज्य में एसबीएम (जी) और जेजेएम मिशन के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए 07.02.2024 को जयपुर में एक संयुक्त समीक्षा बैठक की।

V. संयुक्त समीक्षा बैठकें

एसबीएम (जी) और जेजेएम के कार्यान्वयन पर संबंधित राज्यों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठकें कोलकाता में 03.02.2024 को, देहरादून में 14.02.2024 को, गुवाहाटी में

21.02.2024 को और शिलांग में 22.02.2024 को आयोजित की गईं। इन बैठकों की अध्यक्षता डीडीडब्ल्यूएस के सचिव ने अपने अधिकारियों के साथ उस राज्य के मुख्य सचिवों के साथ संयुक्त रूप से की। संबंधित राज्यों के सभी डीएम/डीसी भी वीसी के माध्यम से जुड़े हुए थे।

VI. स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग के मुद्दे के संबंध में 02.02.2024 को काजीरंगा से आतिथ्य क्षेत्र के 75 से अधिक सदस्यों के साथ एक विस्तृत बातचीत आयोजित की गई जिससे राष्ट्रीय उद्यान के आसपास स्वच्छता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

VII. वीसी के माध्यम से सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ जेजेएम मिशन के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करने के लिए 8 फरवरी 2024 को एक समीक्षा बैठक हुई। 12.02.2024 को वीसी के माध्यम से ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत लंबित बिजली कनेक्शनों के समाधान के संबंध में सचिव, डीडीडब्ल्यूएस की अध्यक्षता में सचिव, विद्युत मंत्रालय के साथ एक संयुक्त बैठक की गई। केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) के साथ 19.02.2024 को सचिव, डीओडब्ल्यूआर, आरडी एवं जीआर के साथ संयुक्त रूप से एक बैठक आयोजित की गई।

VIII. एसबीएम (जी) के चरण- II की राष्ट्रीय योजना मंजूरी समिति (एनएसएससी) की 5वीं बैठक 6 फरवरी, 2024 को एसबीएम (जी) के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 2024-25 के लिए एआईपी पर अनुमोदन हेतु विचार करने के लिए आयोजित की गई थी। सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के एआईपी पर चर्चा की गई और उन्हें अनुमोदित किया गया।

IX. 13 फरवरी 2024 को लाइट हाउस इनिशिएटिव (एलएचआई) चरण-1 के संबंध में रिपोर्ट जारी की गई। इस अवसर पर पहल के दूसरे चरण की घोषणा भी व्यापक दायरे और नए कॉर्पोरेट घरानों की भागीदारी के साथ की गई।

*****